जयपुर . कोटा . बीकानेर . उदयपुर . अजमेर . जालोर . हिण्डौनसिटी . चूरू

राष्ट्रदूत

Rashtradoot

राष्ट्रदूत जयपुर, 6 जनवरी, 2012 | 5

हैरिटेज सिटी थडी ठेला यूनियन से जुड़े थडी वालों ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। फोटो :- राष्ट्रदूत

थड़ी ठेले वालों का निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। थडी ठेला फुटपाथ व्यवसायियों ने नगर निगम की कार्यवाही के विरोध मे घेराव व प्रदर्शन किया।

करीब दो घंटे चली प्रदर्शन के बाद निगम प्रशासन व थडी ठेला फुटपाथ व्यवसायियों की बीच वार्ता हुई। इस वार्ता में नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लोकनाथ सोनी से वार्ता के बाद फुटपाथ व्यवसायियों ने फुटपाथ नीति शीघ्र लागू करने तथा आठ मार्गों से उठाये जब्त सामान 9 जनवरी के बाद छोड़ने का आश्वासन दिया।

प्रवासी भारतीय सम्मेलन के आयोजन को लेकर नगर निगम की ओर से थडी ठेला वालों को हटाने और सामान जब्त के विरोध में गुरुवार को फुटपाथ व्यापारियों ने नगर निगम पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि निगम के अधिकारी उनसे अवैध वसूली करते हैं। और रुपए नहीं देने पर थडी ठेला जब्त कर लेते हैं। उन्होंने कहा, पिछले कई दिनों से प्रवासी भारतीय सम्मेलन के नाम पर निगम कर्मचारी लगातार परेशान कर रहे हैं।

फुटपाथ व्यापारी सुबह 11 बजे निगम मुख्यालय प एकत्रित हुए। इसके बाद मेयर ज्योति खंडेलवाल औ सीईओ के खिलाफ नारेबाजी की। एक घंटे चले प्रदर्शन व्यापारियों ने मुख्यालय के अंदर घुसने की भी कोशि की। लेकिन पुलिस टीम ने इसे नाकाम कर दिया।

व्यापारियों ने मांग की प्रवासीय भारतीय सम्मेल होने तक उन्हें अस्थाई जगह दी जाए। ताकि उनकी रोज रोटी चल सके। इसके बाद व्यापारियों ने अपनी मांगों क लेकर नगर निगम के सीईओ को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन हसनपुरा, वैशाली नगर, एनबीसी रोड, पंडित जी का चौराह सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन और डीसीएम के व्यापारी शामि हुए। हैरिटेज सिटी थडी-ठेला यूनियन जयपुर के अध्य बनवारी लाल शर्मा ने चेतावनी दी कि निगम ने दो दिन के अंदर मांगें नहीं मानी तो सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी क ओर से चलाए जा रहे जीविका अभियान के सहयोग स अभियान चलाया जाएगा।